भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 6411
जिसका उत्तर मंगलवार, 05 मई, 2015 को दिया जाना है

## नई ऑटो नीति

**6411. श्री टी. जी. वेंकटेश बाबू:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का नई ऑटो नीति आरम्भ करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी मुख्य विशेषताएं और ब्यौरा क्या है;

(ग) नई नीति कब तक लागू किए जाने की सम्भावना है;

(घ) क्या सरकार का प्रस्ताव देश में छोटे, वहनीय वाहनों के विनिर्माण का अंतरराष्ट्रीय केन्द्र स्थापित करने और विश्व भर में ट्रैक्टर और दुपहिया वाहनों के विनिर्माण का मुख्य केन्द्र बनाने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)**

**(क) से (ग):** भारी उद्योग विभाग का पहले से ही ऑटोमोटिव मिशन प्लान (एएमपी) 2006-16 है और विभाग इस प्लान के अनुसार कार्य कर रहा है। ऑटोमोटिव मिशन प्लान (एएमपी) पर अनुवर्ती कार्रवाई, मार्च, 2016 में मौजूदा ऑटोमोटिव मिशन प्लान (एएमपी) के पूरा होने के पश्चात् ही आरंभ की जाएगी।

**(घ) और (ङ):** ऑटोमोटिव मिशन प्लान (एएमपी) 2006-16 का उद्देश्य, अन्य बातों के साथ-साथ, ऑटोमोबाइल्स और ऑटोकंपोनेन्ट्स के डिजाइन और विनिर्माण के लिए विश्व में भारत को एक पसंदीदा देश बनाना है।

******